दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 04
अंकः- 143
मुरादाबाद
(Friday)
13 September 2024
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र- बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## PM मोदी के CJI चंद्रचूड़ के घर जाने पर सियासत; संजय राउत ने घेरा तो मिलिंद-पात्रा ने किया पलटवार



शिवसेना के नेता मिलिंद देवड़ा ने संजय राउत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जब फैसले उनके पक्ष में आते हैं तो विपक्ष सुप्रीम कोर्ट की विश्वसनीयता की प्रशंसा करता है। जब चीजें उनके अनुकूल नहीं होती हैं तो वे यह दावा करते हैं कि न्यायपालिका के साथ समझौता हो गया है। देशभर में गणेश उत्सव की धूम है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर पहुंचे। यहां उन्होंने गणपति बप्पा का दर्शन-पूजन किया। अब इस पर सियासत शुरू हो गई है। विवाद के बीच भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) और उसके सहयोगी दलों ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उनकी प्रतिक्रियाओं को लापरवाही भरा बताया। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत पर निराधार आक्षेप लगाना एक खतरनाक मिसाल कायम करता है। पीएम मोदी के मुख्य न्यायाधीश के आवास पर गणपति पूजन के लिए जाने पर शिवसेना ( यूबीटी ) नेता संजय राउत ने सवाल उठाए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर संविधान के संरक्षक राजनेताओं से मिलते हैं तो लोगों के दिमाग में संदेह पैदा हो सकता है। इसके बाद पर भाजपा और शिवसेना सक्रिय हो गईं और विपक्ष सवालों पर करार पलटवार किया। भाजपा ने इसे लोकतंत्र की खूबसूरती करार दिया। पार्टी ने कहा कि अगर हमकों सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं तो इसमें गलत क्या है? क्या प्रधानमंत्री और सीजेआई एक-दूसरे मिल भी नहीं सकते। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत चलता है। इस व्यवस्था में आपसी मेलजोल और सहयोग से ही देश आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के एक स्तंभ के शीर्ष नेता के द्वारा दूसरे स्तंभ के शीर्ष व्यक्ति से सौहार्दपूर्ण माहौल में मिलना किसी भी तरह गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान इफ्तार पार्टी आयोजित की जाती थी, इसमें तत्कालीन पूर्व मुख्य न्यायाधीश शामिल भी होते थे। पात्रा ने कहा कि ऐसा लगता है कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, दरअसल वे गणपति पूजा का विरोध कर रहे हैं, क्योंकि इसी समय देश के अलग-अलग हिस्सों में इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं। पहले जानिए संजय राउत ने क्या कहा था?- संजय राउत ने कहा, %गणेश उत्सव के दौरान लोगो एक-दूसरे के घरों में बप्पा का दर्शन करने जाते हैं। मेरे पास जानकारी नहीं है कि पीएम मोदी किन किन लोगों के घर पर बप्पा का दर्शन करने गए हैं, लेकिन वह सीजेआई के आवास पर गए और दोनों ने साथ में आरती की। अगर संविधान के संरक्षक राजनेताओं से मिलते हैं तो लोगों के दिमाग में संदेह पैदा हो सकता है। हमारे मामले की सुनवाई सीजेआई चंद्रचूड़ कर रहे हैं, इसलिए हमें संदेह है कि हमें न्याय मिलेगा या नहीं, क्योंकि पीएम मोदी दूसरी पार्टी में हैं। हमारे मामले में दूसरी पार्टी केंद्र सरकार है। मुख्य न्यायाधीश को इस मामले से खुद को अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि दूसरी पार्टी के साथ उनका संबंध अच्छे से दिख रहा है। क्या सीजेआई चंद्रचूड़ इस स्थिति में हमें न्याय दिला पाएंगे? हमें तारीख पर तारीख मिल रही है और यहां एक अवैध सरकार चल रही है।

शिवसेना और एनसीपी इस तरह टूट गईं। हमें न्याय नहीं मिल रहा है और पीएम मोदी उन्हें बचाने के लिए महाराष्ट्र की अवैध सरकार में बहुत रुचि ले रहे हैं। सीजेआई जो हमें न्याय देने वाले हैं, उनके साथ पीएम का ऐसा नाता है तो कल महाराष्ट्र के मन में एक शंका पैदा हो सकती है।% मिलिंद देवड़ा का पलटवार- हालांकि, शिवसेना मिलिंद देवड़ा ने इसपर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि गणपति आरती के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पीएम मोदी का जाना, इसे लेकर की गई टिप्पणियां दुर्भाग्यपूर्ण है। शिवसेना नेता ने कहा, 卐जब फैसले उनके पक्ष में आते हैं तो विपक्ष सुप्रीम कोर्ट की विश्वसनीयता की प्रशंसा करता है। जब चीजें उनके अनुकूल नहीं होती हैं तो वे यह दावा करते हैं कि न्यायपालिका के साथ समझौता हो गया है। सुप्रीम कोर्ट पर निराधार आरोप लगाना खतरनाक है। यह न केवल एक गैरजिम्मेदराना हरकत है, बल्कि यह संस्थान की अखंडता के लिए भी हानिकारक है। बीएल संतोष ने वरिष्ठ वकील को दिया जवाब- पलटवार करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ( संगठन ) बीएल संतोष ने कहा कि हालांकि वामपंथी उदारवादियों ने प्रधान न्यायाधीश के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के शामिल होने पर रोना शुरू कर दिया है, लेकिन यह घुलना-मिलना ( लोगों से ) नहीं बल्कि शुद्ध रूप से गणपति पूजा थी। संतोष ने जयसिंह की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, %रोना शुरू हो गया!!!! सभ्यता, सौहार्द, एकजुटता, देश की यात्रा में सहयात्री... सभी इन वामपंथी उदारवादियों के लिए अभिशाप हैं। इसके अलावा, यह कोई घुलना-मिलना नहीं था बल्कि शुद्ध रूप से गणपति पूजा थी, जिसे पचाना बहुत मुश्किल है। एससीबीए कोई नैतिक दिशा निर्देशक नहीं है।% इंदिरा जयसिंह ने उठाए थे सवाल- दरअसल, वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश ने कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से समझौता किया है। उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश की स्वतंत्रता पर से सारा भरोसा उठ गया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन को कार्यपालिका से सीजेआई की स्वतंत्रता से सार्वजनिक रूप से किए गए समझौते की निंदा करनी चाहिए। अमित मालवीय ने भी घेरा- भाजपा के सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रचूड़ के आवास पर गणपति पूजन में प्रधानमंत्री के शामिल होने के बाद पूरी कांग्रेस और कम्युनिस्ट पारिस्थितिकी तंत्र में हलचल मच गई है। इन्हीं संदिग्धों ने इसे धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक माना जब डॉ. मनमोहन सिंह ने इफ्तार पार्टियों की मेजबानी की और तत्कालीन सीजेआई इसमें शामिल हुए। लवीय ने कहा कि उनकी समस्या केवल प्रधानमंत्री और सीजेआई के बीच की शिष्टता और सौहार्द नहीं है, बल्कि गणेश चतुर्थी है। कांग्रेस और कम्युनिस्टों को हमेशा हिंदू त्योहारों से दिक्कत रही है और अब उन्हें महाराष्ट्र से भी दिक्कत है, जो गणेश चतुर्थी को बड़े उत्साह के साथ मनाता है। पीएम मोदी ने शेयर की तस्वीरें- प्रधानमंत्री मोदी ने चीफ जस्टिस के आवास पर जाकर गणपति के दर्शन-पूजन की तस्वीरें अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से शेयर कीं। चंद मिनटों में तस्वीरों को हजारों लाइक मिले। तस्वीरों में पीएम मोदी और सीजेआई चंद्रचूड़ के अलावा उनकी पत्नी कल्पना दास, पूजा-अर्चना कराने वाले पुरोहित-आचार्य भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री को महाराष्ट्र में पहनी जाने वाली पारंपरिक टोपी वाली वेशभूषा में देखा गया।

## संक्षिप्त समाचार



### बिहार के पूर्व सीएम लालू हृदय रोग से पीड़ित; मुंबई के अस्पताल में हुई एंजियोप्लास्टी

राष्ट्रीय जनता दल ( RJD) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों के मुताबिक 76 साल की आयु में लालू ने दिल से जुड़ी कुछ समस्याएं बताईं। इसके बाद मुंबई के अस्पताल में एंजियोप्लास्टी हुई।बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का इलाज मुंबई के एक अस्पताल में हो रहा है। लालू को दिल से जुड़ी समस्याओं की शिकायत के बाद मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि हृदय रोग विशेषज्ञों ने लालू को एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी। डॉक्टरों की सलाह के बाद गुरुवार को लालू की एंजियोप्लास्टी की गई। बता दें कि लालू सेहत से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लालू इससे पहले सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण करा चुके हैं। लालू के लिए किडनी उनकी बेटी ने दान की है। नाजुक सेहत को देखते हुए अदालत ने लालू को इलाज कराने की अनुमति दी है, जिसके आधार पर वे विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अपना इलाज करा रहे हैं।

## ममता सरकार ने आंदोलनकारी चिकित्सकों को बैठक के लिए बुलाया; सीधे प्रसारण की मांग ठुकराई

पिछले दो दिनों में सरकार की ओर से डॉक्टरों को यह तीसरा बुलावा है। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने पिछले दो प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। डॉक्टर्स ने बैठक के लिए कुछ ठोस शर्तें तय की थीं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने अभी तक इस संदेश का जवाब नहीं दिया है।पिछले दो दिनों में सरकार की ओर से डॉक्टरों को यह तीसरा बुलावा है। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने पिछले दो प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। डॉक्टर्स ने बैठक के लिए कुछ ठोस शर्तें तय की थीं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने अभी तक इस संदेश का जवाब नहीं दिया है।पिछले दो दिनों में सरकार की ओर से डॉक्टरों को यह तीसरा बुलावा है। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने पिछले दो प्रस्तावों को खारिज कर दिया था। डॉक्टर्स ने बैठक के लिए कुछ ठोस शर्तें तय की थीं। प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने अभी तक इस संदेश का जवाब नहीं दिया है। डॉक्टर्स ने यह शर्तें तय की थीं- गौरतलब है कि चिकित्सकों ने राज्य सरकार को एक पत्र भेजा था। उन्होंने मुख्य सचिव द्वारा निर्धारित अधिकतम 15 प्रतिनिधियों के बजाय बैठक में कम से कम 30 प्रतिनिधियों को बैठक में शामिल होने की अनुमति देने की अपील की थी। डॉक्टरों का कहना है कि ममता बनर्जी की मौजूदगी में केवल उनकी मांगों पर ही बातचीत की जाए। इस बातचीत का सीधा प्रसारण टीवी पर किए जाने की मांग भी की गई थी।स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने ठुकरा दी थी मांगें- इससे पहले राज्य सरकार में स्वास्थ्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा था कि राज्य सरकार डॉक्टरों के साथ बैठक और बातचीत की शर्तों को मानने के लिए तैयार नहीं है। उन्होंने कहा था कि डॉक्टरों ने कुछ शर्तें लगाई हैं, इसलिए ऐसा लगता है कि चिकित्सक खुले मन से बैठक करने के लिए तैयार नहीं हैं। %सरकार को राजनीतिक उकसावे की आशंका%- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा था कि राज्य सरकार डॉक्टरों की हर बात सुनने के लिए तैयार है; लेकिन वे ऐसी बैठक से पहले शर्तें नहीं तय कर सकते। उन्होंने बुधवार तड़के 3.49 बजे मुख्यमंत्री कार्यालय ( सीएमओ ) को ई-मेल भेजने की घटना पर सवाल खड़े किए थे। उन्होंने कहा था कि इसकी वजह %राजनीतिक उकसावा% हो सकती है। उन्होंने कहा कि कि राज्य सरकार आंदोलनकारी चिकित्सकों को काम पर वापस लौटने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देश का पालन करेगी।

## उपचुनाव: डिंपल यादव ने भाजपा को घेरा, बोलीं- सच बर्दाश्त नहीं कर पाती बीजेपी; महिला सुरक्षा पर खड़े किए सवाल?

उपचुनाव से पहले सांसद डिंपल यादव, मैनपुरी पहुंची। उन्होंने भाजपा को निशाने पर लिया। कहा कि भाजपा सच बर्दाश्त नहीं कर पाती। उन्होंने महिला सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए?इन दिनों में यूपी में उपचुनाव की सरगर्मी है। विभिन्न पार्टियों के नेता जीत के लिए कमान संभाले हुए दिख रहे हैं। मैनपुरी जिले की करहल सीट पर भी उपचुनाव होना है। यह सीट इसलिए काफी चर्चा में है, क्योंकि यहां से सपा मुखिया अखिलेश यादव विधायक थे। कन्नौज से सांसद बनने के बाद, उन्होंने यह सीट छोड़ी है। मैनपुरी से अखिलेश यादव की पत्नी और सपा नेता डिंपल यादव, वर्तमान सांसद हैं। डिंपल मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंची। यहां करहल में उन्होंने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में उन्होंने भाजपा को निशाने पर लिया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। डिंपल यादव ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सच बोल रहे हैं। जब भी सच बोला जाता है, तो भाजपा को तकलीफ पहुंचती है। उन्होंने बेरोजगारी पर सरकार को घेरा। कहा कि मैं युवाओं से यह बात पूछना चाहती हूं, कि क्या उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी नहीं है? सपा सांसद ने महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के लिए सरकार ने क्या व्यवस्था की है? पूरी दुनिया जानती है कि आज उत्तर प्रदेश और देश में बेरोजगारी है। कहा कि सच बोलने में कोई जगह नहीं देखी जाती है। सच, सच होता है।




## 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था, मगर अब...', PM मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष का कटाक्ष

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने गुरुवार को कहा कि आपकी सरकार गरीब और मध्यम वर्ग की रीढ़ तोड़ने के लिए एक जनविरोधी बजट लेकर आई है। कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पीएम ने चुनाव से पहले 100 दिन के एजेंडे का जोर-शोर से ढिंढोरा पीटा था। मगर, अब उनकी गठबंधन सरकार के 95 दिनों में देश उनकी निष्क्रियता के भयानक परिणाम भुगत रहा है। अब 95 दिन पूरे हुए- उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स में कहा, नरेंद्र मोदी जी चुनाव से पहले आपने जोर-शोर से 100 दिन के एजेंडे का ढिंढोरा पीट दिया था। अब 95 दिन पूरे हो गए हैं, लेकिन आपकी गठबंधन सरकार ढुलमुल रवैया अपना रही है। गरीब और मध्यम वर्ग की रीढ़ तोड़ने के लिए... खरगे ने कहा, चलिए थोड़ा पीछे ले चलते हैं। आपकी सरकार गरीब और मध्यम वर्ग की रीढ़ तोड़ने के लिए एक जनविरोधी बजट लेकर आई है। जम्मू एवं कश्मीर में, विशेष रूप से जम्मू में आतंकवादी हमले हुए, जहां भारतीय सेना के कई बहादुर जवान शहीद हुए। अब कारनामों को दबाया नहीं जा सकता: खरगे- उन्होंने कहा कि 16 महीने बीत गए हैं। मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री जी आपके पास राज्य को देखने के लिए समय तक नहीं है। मोदी-अदाणी महा घोटाले का खुलासा और सेबी अध्यक्ष द्वारा भूल-चूक के कारनामों को अब और दबाया नहीं जा सकता। हर दिन युवाओं को धोखा दिया जा रहा- कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा, चाहे वह नीट पेपर लीक घोटाला हो या बड़े पैमाने पर बेरोजगारी साबित करने वाली घटना, मोदी सरकार ने हर दिन युवाओं को धोखा दिया है। जो भी बनाया, सभी में खामियां- उन्होंने यह भी कहा, चाहे महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा हो, हवाई अड्डों की छत हो, अयोध्या में भगवान राम मंदिर हो, एक्सप्रेसवे, पुल, सड़कें, सुरंग हो, ऐसे कुछ भी जो बनाने का आप ( पीएम मोदी ) दावा कर रहे हैं, उन सभी में खामियां थीं। रेलवे सुरक्षा गंभीर खतरे में है। शहरों में पानी भर गया है और राज्यों को पर्याप्त राहत नहीं दी गई है। 100 दिनों के लिए आपका एजेंडा क्या था? उन्होंने कहा कि आपको वक्फ विधेयक को जेपीसी को सौंपना पड़ा, यूपीएस में यू टर्न लेने और लेटरल एंट्री पर संविधान का समर्थन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। इसका पूरा श्रेय जनता और इंडी गठबंधन के दलों को जाता है। उन्होंने आगे कहा कि कोई नहीं जानता कि 100 दिनों के लिए आपका एजेंडा क्या था। लेकिन 95 दिनों में देश आपकी निष्क्रियता के भयानक परिणाम भुगत रहा है।



## संपादकीय Editorial

### Political move of wrestlers

The country's famous, champion wrestlers - Bajrang Punia and Vinesh Phogat - have not suddenly joined hands with the Congress. Former Wrestling Federation President Brij Bhushan Sharan Singh may call them 'villains' or call their movement against sexual harassment of young-minor wrestler daughters a 'Congress conspiracy', but both the wrestlers were unique in their respective categories and were considered the pride of India. Prime Minister Modi met them on a personal level and extended every helping hand. Of course, it is the constitutional right of Vinesh and Bajrang to join the Congress and do Congress politics. They may become MLAs, ministers or play some role at the national level, but Indian wrestling still needed them. There was 'wrestling' left in them. They should have remained attached to wrestling. Vinesh had also said that she wants to wrestle till the age of 32-33 years. That is, the Olympics after four years were in their minds. Therefore, changing sides and entering politics is a 'moral deformity'. Countless champion players have become politicians, but today they are just leaders. Their sportsperson face has disappeared. Who digs into the history of the past? Anyway, we have closely seen the movement of champion wrestlers at Jantar Mantar. Of course, it was declared a 'sportsperson's movement' and leftist leader Brinda Karat was forced to leave the stage, but Vinesh, Sakshi Malik, Bajrang etc. were seen chatting with Congress leader Priyanka Gandhi as if friends were gossiping! Why were Congress MPs like Rahul Gandhi and Deepender Hooda allowed entry to the stage of the movement? Weren't they politicians? Certainly something 'khichdi' was cooking! If both the wrestlers have been 'Congressmen' at the level of thinking and ideology, then we have no objection. This is also their fundamental right. Prime Minister Modi's government has been active in the country for the last 10 years, so who gave permission and financial help to both the wrestlers to participate in the World Championship, Commonwealth and Asian Games? Who signed a contract with the world-renowned Hungarian coach for Vinesh and paid crores of rupees as fees? We believe that this was the government's responsibility, but this responsibility was also towards the 145 crore Indians and every player of the country. How many were given or get so many priorities? Anyway, let's leave wrestling here, but the movement will hang in the air. The movement for which Vinesh tolerated being dragged on the road by the police, tolerated the alleged injustice of the government, because the government kept protecting its MP, we feel that Vinesh will also never forget that movement. Bajrang and Vinesh have just become new leaders, so they are speaking flowery language that they will stand with every victimized, exploited sportsperson daughter. They will help them, but this will not be the reality and the reality will be revealed in a few months! Now Sakshi Malik alone has assured the country to continue the movement. Let's see how far she can go. She too had received an offer to join politics. She did not accept it and remained firm on her resolve to continue the movement. Sakshi too has been an Olympic bronze medalist wrestler. Vinesh is yet to achieve this victory. Whatever happened to her was not anyone else's fault. In such sports competitions, the player has to keep his weight below the prescribed limit. Anyway, whatever happened was like a nightmare for India. Anyway, some parties including BJP have started making cheap jokes against Vinesh-Bajrang, who have become 'wrestlers turned Congress leaders'. These are the ugly values ??of our politics. Of course, both have been 'sons and daughters of the country' till now, but now they will be limited to Congress.

# Rahul Gandhi's views, India's image is being harmed

If anything is clear from the views expressed by Rahul Gandhi in America, then it is that he does not see anything good happening in India. If we believe him, then all the institutions in India and even the judicial system are in the hands of a few people. He also tried to explain to the NRIs that the BJP-RSS are engaged in suppressing women in India. Rahul Gandhi, who has come to America on a visit, while addressing the NRIs, again said some such things which were bound to create controversy. It is not surprising that BJP leaders objected to his statement and accused him of defaming the country abroad. It is certain that this is not going to affect Rahul Gandhi in any way. He expressed concern over the lack of love, respect and honour in politics in India, but it is not hidden from anyone that how he himself does not miss any opportunity to express his hatred towards his political opponents and especially Prime Minister Narendra Modi. He continues this work even abroad. This time also he did the same. In this sequence he said many such things which reveal his political narrow-mindedness. He once again described India as a union of states like America. He did not stop here. He made a fabricated allegation that diversity is being disrespected in India. The worse thing is that somehow he reached the conclusion that Hindi is being imposed on Tamil, Telugu, Malayalam etc. speakers in India and their culture, food habits etc. are being belittled. It is a mischievous thing that in India there is a conflict going on between Hindi and other Indian languages. After all, who is explaining to Rahul Gandhi that this is happening in India, because no one in the country is belittling any language or its culture. The popularity of Hindi is increasing automatically in non-Hindi speaking states and it is increasing due to this reason, because on one hand the number of Hindi speakers is increasing there and secondly, non-Hindi speakers are feeling the need to learn Hindi. If anything is clear from the views expressed by Rahul Gandhi in America, then it is that he does not see anything good happening in India. According to him, all the institutions in India and even the judicial system are under the control of a few people i.e. BJP and RSS. He also tried to explain to the NRIs that BJP and RSS are engaged in suppressing women in India. According to him, talented people are being sidelined in India. There is no doubt that he does not like BJP, RSS and Modi government, but this does not mean that he should start insulting the country abroad. He has been doing this earlier also and has even said that democracy has ended in India. Now he is also adding to this that the Constitution is in danger.

# Ignoring the conspiracy going on in the Northeast, the dark game of conversion has to be stopped

The country has to be cautious so that India does not have to suffer the pain of partition again on the basis of Christianity after Islam. If India becomes a Christian country by separating parts of Bangladesh and Myanmar, then in future it will become a land of conflict between superpowers. It is not right to ignore the way America and China are active in India's neighboring countries. Harendra Pratap. America has been accused of coup first in Pakistan and now in Bangladesh. Recently, former Bangladesh Prime Minister Sheikh Hasina had alleged that a conspiracy is being hatched to separate some parts of Bangladesh and Myanmar and create a 'Christian country' like East Timor. After this, not only was her government overthrown, but she had to flee from Bangladesh and take refuge in India to save her life. She had also said that in January this year, she was lured to win the elections. The person who lured her had put a condition on her to 'establish an airbase' in Bangladesh. She did not name any country, but due to the growing tension between America and China at the international level, America is suspected. When former Prime Minister of Pakistan Imran Khan also opened a front against America, not only his government was ousted, but he was also put in jail. There is a conspiracy to include at least five states of India's Northeast - Arunachal, Nagaland, Manipur, Mizoram and Meghalaya - in the future Christian country that Sheikh Hasina had pointed to. Out of these five states, three Mizoram, Nagaland and Meghalaya have become Christian majority. On the basis of the speed at which the conspiracy of conversion is going on in the Northeast, it is being feared that Arunachal Pradesh and Manipur will also become Christian majority in the near future. The Christian population in Mizoram is 90 percent. In 1951, Christians in Nagaland were 46.04 percent, which increased to 87.92 percent in 2011. In Meghalaya too, the Christian population was 35.21 percent in 1961, which increased to 74.59 percent in 2011. In Arunachal Pradesh, only 0.78 percent were Christians till 1971, which increased to 30.26 percent in 2011. In Manipur, the Christian population was 11.84 percent in 1951, which increased to 41.28 percent in 2011. Karbi Anglong district of Assam has been chosen to connect these states. In the last four decades, the Christian population in this district has increased from seven percent to 17.50 percent. India was divided on the basis of Hindus and Muslims. After the partition, slogans were raised in the country - 'Hindu, Muslim, Sikh, Christian - we are all brothers.' In 1947, when the division took place between two brothers, later two others also started demanding partition. Soon after independence, some people in the Northeast started Christian armed struggle. In 1980, some separatists in Punjab also started raising the slogan of Khalistan. The campaign of Christianization in the Northeast states is only giving strength to separatism. The affluent class of this country, educated in educational institutions run by Christian missionaries and occupying high positions, are maintaining silence on the Christian separatism being carried out in the Northeast to maintain their secular image and to avoid visa related problems in Western countries. Like Islamic terrorism, many Christian extremist organizations are also active in the Northeast. In 1999, extremists of the National Liberation Front of Tripura (NLFT) operating in Tripura kidnapped four officials of the Vanvasi Kalyan Ashram and took them to Bangladesh and killed them. They wanted to stop the Vanvasi Kalyan Ashram, which works in the tribal society for education, health and employment, from working. Recently, the Central Government has reached a peace agreement with the NLFT, but there is no guarantee that its people will not start armed struggle again in the future under some other name. Due to protests in Christian-dominated Nagaland, Atal Bihari Vajpayee's ashes had to be immersed in a small river instead of the largest river Doyang. Last year, a clash broke out between the indigenous Meitei and immigrant Kukis over a decision of the High Court in Manipur. Meitei are the original residents of Manipur. Kukis have come from Myanmar, Nagaland and Mizoram and settled in the hilly areas of Manipur. Most of the Christians involved in the drug trade here are separatist groups. Meitei are proving to be an obstacle in the path of their Christianity. The High Court had asked the Meitei community to consider giving them tribal status. The Kukis took to the streets to protest against this. In response, the Meitei also came to the streets. Although the heinous crime committed against the Kuki women can be criticized enough, but the kind of reaction that Christian organizations showed on this incident indicates a big danger. Ignoring the internationalization of the conflict between the Meitei and Kuki communities in Manipur by the Church would be anti-national. The Archbishop of Kerala had raised the issue of Manipur in the last Lok Sabha elections and alleged that dark forces were committing violence against the Christians. It is sad that despite knowing about these conspiracies in the North-Eastern states, people are not speaking out against it. The country will have to remain vigilant so that India does not have to suffer the pain of partition again on the basis of Christianity after Islam. If a Christian country is formed by dividing parts of India, Bangladesh and Myanmar, then in future it will become a land of conflict between superpowers. It is not right to ignore the way America and China are active in India's neighbouring countries it is.

## Cleanliness campaign became a means of empowerment, Swachh Bharat Mission is being successful

According to research, due to the compulsion of open defecation, women consume less food and less water so that they do not have to defecate in daylight, as a result their body becomes a home for diseases. According to the National Family Health Survey (2019-21), the total health expenditure decreased from 62.6 percent in FY 2015 to 47.01 in FY 20. Dr. Ritu Saraswat. In the report 'Toilet Construction under the Swachh Bharat Mission and Infant Mortality in India' published in the prestigious international journal 'Nature', it has been mentioned that Swachh Bharat Mission has helped in preventing the death of 60 to 70 thousand infants annually in India between 2011 and 2020. Researchers from the International Food Policy Research Institute, University of California and Ohio State University conducted a study to investigate the relationship between Swachh Bharat Mission and infant and under-five mortality rates in India. A study of data on infant mortality and under-five mortality from 640 districts revealed that after the Swachh Bharat Mission period, India witnessed a rapid decline in infant and child mortality as compared to the years before the mission. In districts where toilets were built on a large scale, a 5.3 percent decline in infant mortality and a 6.8 percent decline in under-five mortality was observed. This result is the culmination of the call that Prime Minister Modi made while addressing the nation on 15 August 2014. He had said, 'Can't we create proper toilet facilities? I don't know whether people will appreciate my talk about filth and toilets from the Red Fort or not, but next year when we stand here, every school should have toilets for girls and boys...' This statement of the Prime Minister was also seen from a political perspective, but the positive result of the roar that the 'Swachh Bharat Abhiyan' made in October 2014, breaking all prejudices, is in front of everyone. It may be a matter of curiosity that how open defecation can be related to the death of newborns. Before knowing the answer to this question, one should know the results of 'Risk of Adverse Pregnancy Outcomes Among Women Practicing Poor Sanitation in Rural India: A Population Based Prospective Cohort Study' published in July 2015. 670 pregnant women were studied in this research. The research showed that out of the two-thirds of pregnant women who defecated in the open, one-fourth experienced adverse pregnancy outcomes. The most common among these was the birth of a premature baby or a low-weight baby. However, this was not seen in pregnant women who used toilets. The conclusion of hundreds of researches conducted across the world is that open defecation is fatal for life. A World Bank report titled 'Sanitation and Disease, Health Aspects of Waste Water and Excreta Management' shows that open defecation has a direct impact on children. Human feces contain millions of viruses, bacteria and parasitic components, which give rise to diarrhea and many water-borne diseases. These diseases repeatedly damage the inner surface of the stomach of children, which weakens their ability to digest nutrients and they lose the ability to fight malnutrition. Freedom from open defecation has not only emerged as a lifesaver for Indian children, but it also had multi-dimensional effects.

# एसपी सिटी से मिला अपना दल का प्रतिनिधिमंडल, सट्टे के अवैध कारोबार को रोकने की मांग

मुरादाबाद। मंडल अध्यक्ष डा.रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में अपना दल (कमेरावादी) का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को पुलिस अधीक्षक नगर से मिला। उन्हें ज्ञापन देकर महानगर में सट्टे के अवैध



कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने एसपी सिटी को बताया कि कोतवाली सदर अंतर्गत बारादरी निवासी मोटा जमाल व इसका पुत्र थाना मुगलपुरा अंतर्गत चौकी पीरगैब में और इसके अन्य सहयोगी चौकी लालबाग क्षेत्र में सट्टे का अवैध कारोबार अपने सरक्षण में कराते हैं। मोटा जमाल अन्य सटोरियों से पुलिस के नाम से डरा धमका कर पैसे लेता है व उन्हें अपना संरक्षण प्रदान करता है। इस पर विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमें गंभीर धाराओं में दर्ज हैं। इसने अनैतिक कार्य से अवैध संपत्ति भी अर्जित कर ली है। सट्टे के कारोबार से नवयुवकों, महिलाओं पर भी गलत असर पड़ रहा है। यदि शीघ्र ही सट्टे का अवैध कारोबार बंद नहीं हुआ तो अपना दल कमेरावादी के पदाधिकारी कार्यकर्ता एसएसपी कार्यालय पर धरना/प्रदर्शन करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में ठाकुर मंजू राठौर, अंकित ठाकुर, प्रदीप चौहान, बाबू खां, धर्मेंद्र कश्यप, अजय सैनी, राकेश कश्यप आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक संपन्न।

मुरादाबाद- जिले में संचालित एटीएम पर सुरक्षा के लिए निर्धारित मानकों का सत्यापन कराने के लिए बैंकों को निर्देश। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में



बैंकर्स के साथ जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न बैंकों के माध्यम से संचालित एटीएम पर बैंकिंग नियमों के अनुरूप सुरक्षात्मक प्रबंध के बारे में बैंक प्रतिनिधियों से बातचीत की। उन्होंने पूरे जिले में 24 घंटे संचालित होने वाले एटीएम तथा निर्धारित समय अवधि के अंतर्गत संचालित होने वाले एटीएम की बैंक वार संख्या तथा उनकी सुरक्षा व्यवस्था और मानकों के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बैंकिंग संस्थाएं अपने एटीएम का निर्धारित मानकों के अनुरूप सत्यापन करा लें। सरकार की विभिन्न ऋण आधारित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी जिलाधिकारी ने विस्तृत समीक्षा की और कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के ऋण तथा उद्यम स्थापित करने के लिए प्रदान किए जाने वाले ऋण के वितरण की व्यवस्था को सख्ती से प्रभावी बनाया जाए। एसपी सिटी श्री रणविजय ने कहा कि साइबर क्राइम के दौरान सहायता प्रदान करने के लिए निर्धारित 1930 नंबर के बारे में बैंक अपने ग्राहकों से जानकारी साझा करें ताकि किसी भी प्रकार के साइबर अपराध के दौरान त्वरित रूप से सहायता प्रदान करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम को रोकने के लिए पुलिस, आमजन और बैंक सभी की सामूहिक जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है।

# भादो में झूम कर बरस रहे बदरा, तापमान में कमी मानसून रिटर्न! पूरी रात होती रही बारिश, गुरुवार को भी सुबह से जारी है बरसात का क्रम

मुरादाबाद।भादो में एक सप्ताह से हर दिन झूम के बारिश हो रही है। पिछले कई दिनों से शाम चार बजे के करीब बारिश होती रही। लेकिन, बुधवार की शाम से शुरु हुई बारिश का क्रम गुरुवार दोपहर तक






जारी है। सामान्य से अधिक बारिश होने से नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। बुधवार पूरी रात और गुरुवार दिन भर बारिश होने से महानगर के रामगंगा विहार, आशियाना, गुरहट्टी, गंज बाजार आदि क्षेत्रों में बारिश का पानी भरने से लोगों को असुविधा हुई। कांठ रोड पर सड़क के गड्ढों में पानी भरने से वाहन हिचकोले खाते हुए आगे बढ़े। कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर उत्तराखंड के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह ने बताया कि अभी दो तीन दिन बारिश का क्रम जारी रहेगा। इस बार सितंबर में मुरादाबाद क्षेत्र में अच्छी बारिश हुई है। तेज हवा के साथ बारिश होगी। इससे तापमान में कमी आई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 27 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 87 प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन तेज बारिश का अनुमान है। तीन दिनों का अधिकतम तापमान- तारीख अधिकतम तापमान 10 सितंबर 32 डिग्री सेल्सियस 11 सितंबर 31 डिग्री सेल्सियस 12 सितंबर 27 डिग्री सेल्सियस

# जिले के राजकीय कॉलेजों में शिक्षण कार्य होगा बेहतरीन, डीएम ने प्रधानाचार्यों के साथ आयोजित बैठक के दौरान दिए निर्देश

मुरादाबाद- जिले में संचालित सभी राजकीय हाई स्कूल एवं राजकीय इंटरमीडिएट स्कूलों पर प्रत्येक सप्ताह विशेष साफ सफाई अभियान चलेगा, इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत और



नगरीय क्षेत्रों में नगर निकायों को जिम्मेदार बनाया गया है। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के राजकीय हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने कॉलेजों में उपलब्ध संसाधन एवं जरूरतों के बारे में विस्तार पूर्वक समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की कक्षाओं में अध्यनरत बच्चों का पाठ्यक्रम समयबद्ध तरीके से पूर्ण होना जरूरी है तभी वह परीक्षा में बेहतरीन अंक प्राप्त करने में सक्षम बनते हैं। जिन हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट स्तर के राजकीय कॉलेज में अध्यापकों की कमी है वहां डाइट में अध्यनरत विद्यार्थियों या स्मार्ट क्लास जैसे वैकल्पिक तरीकों को अपना कर पाठ्यक्रम को समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रधानाचार्य भी अपने स्तर से कॉलेजों में शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने के लिए गंभीरता दिखाएं। उन्होंने कहा कि जिन कॉलेजों में बाउंड्री वॉल नहीं है वहां मनरेगा निधि से बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही कॉलेजों में शौचालय, संपर्क मार्ग, विद्युत आपूर्ति सहित अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याओं को दूर करने के लिए भी आगामी दो से तीन माह के दौरान प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इसलिए लाइब्रेरी का भी संचालन हो और बच्चों को लाइब्रेरी के महत्व के बारे में बताया जाए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि उपयोगी और महत्वपूर्ण पुस्तकों की सूची तैयार कराई जाएं और उस सूची के अनुसार विद्यालयों में स्थापित लाइब्रेरी में पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएगी।


## संक्षिप्त समाचार

# एडीएम ने भीकनपुर स्थित सेतु का किया निरीक्षण

मुरादाबाद- अस्थाई रास्ते को बंद कराते हुए राजस्व कर्मी दी ड्यूटी लगाने के निर्देश। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री सत्यम मिश्र द्वारा तहसीलदार सदर के साथ ग्राम भीकनपुर में स्थित सेतु का निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि इस सेतु का एप्रोच व सम्पर्क मार्ग पूर्णत- क्षतिग्रस्त हो गया है तथा स्थानीय व्यक्तियों द्वारा अपने आवागमन के लिए एक अस्थायी मार्ग/पुल भी बना लिया गया है जो कि पूर्णतः असुरक्षित है तथा इसपर आवागमन में कभी भी कोई दुघर्टना घटित हो सकती है। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम भीकनपुर में रामगंगा नदी की सहायक नदी पर स्थित सेतु की एप्रोच मार्ग के अस्थायी रास्ते को तत्काल बन्द कराते हुए 24म7 सेतु के दोनों ओर राजस्व कर्मचारी की ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें साथ ही वहां पर एक बाढ़ चौकी भी स्थापित करायी जाये। स्थानीय स्तर से ग्राम प्रधान व अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ एक बैठक कर वहां वैकल्पिक मार्ग के रूप में भीकनपुर, वीरपुर वरियार, नाजरपुर पट्टी, अक्का डीलारी होते हुए मूढा पांडे मार्ग के प्रयोग हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर तैराकों तथा गोताखोर आदि की भी व्यवस्था कर ली जाये ताकि किसी अपरिहार्य स्थिति में राहत संबंधी त्वरित कार्यवाही की जा सके।

# यूपी में बकरे का अंतिम संस्कार:शव यात्रा निकाली... गंगाजल से कराया स्नान, फिर किनारे पर दफनाया

यूपी के अमरोहा में गंगा किनारे एक बकरे का अंतिम संस्कार किया गया। 15 साल पहले ग्रामीणों ने चामुंडा देवी के नाम से बकरा छोड़ा था। बकरे की बीमारी के चलते मौत हो गई। इसके बाद बकरे की शव यात्रा निकाली गई। गंगा स्नान के बाद बकरे का अंतिम संस्कार किया गया।मुरादाबाद मंडल के गांव पाल में चामुंडा मंदिर के नाम से छोड़े बकरे की मौत होने पर ग्रामीणों ने उसकी अर्थी बनाई गई। शवयात्रा निकालकर ग्रामीण बकरे के



शव को लेकर गंगा तट पर पहुंचे। बकरे के शव को गंगा जल में स्नान कराकर उसे किनारे पर दफन कर दिया। गांव में 15 साल पहले छोड़ा गया बकरा आस्था का प्रतीक था। मामला गजरौला के गांव पाल का है। यहां पर 15 साल पहले ग्रामीणों ने चामुंडा देवी के नाम से सार्वजनिक रूप से बकरा छोड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि बकरा गांव में ही घूमता रहता था।शाम को चामुंडा मंदिर के आसपास बैठ जाता था। छह महीने पूर्व वह बीमार हो गया। उसका इलाज कराया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। पशु चिकित्सालय में भी लेकर आए। मंगलवार रात बकरे की मौत हो गई। बुधवार सुबह ग्रामीणों को जानकारी हुई तो उसका विधिविधान से अंतिम संस्कार करने की तैयारी में जुट गए। मनुष्य की तरह उसकी अर्थी बनाई। उस पर फूल चढ़ाए गए। महिलाओं ने रुपये भी चढ़ाए। ट्रैक्टर-ट्रॉली में अर्थी रख कर ग्रामीण तिगरी गंगा तट पर ले गए। उसके मृत शरीर को स्नान कराया। शिव कुमार भारती, सरजीत, महेंद्र, सनी, कन्हई, वरुण, कपिल, सौरभ, प्रवीण आदि ने गंगा किनारे उसे दफन किया। बकरे का शव मनुष्य की तरह सजा कर ले जाने और उसका विधि विधान से अंतिम संस्कार किए जाने की इलाके में दिन भर चर्चा होती रही।

# बढ़ रहे रोगी, अस्पताल में नहीं है एंटी डिप्थीरिया सीरम इंजेक्शन

## संभल से रेफर होकर आया डिप्थीरिया पीड़ित बच्चा नई दिल्ली के चिकित्सालय में रेफर, मझोला व बिलारी के मंगूपुरा के दो बच्चे मंडलीय अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर

मुरादाबाद। जिले के बिलारी क्षेत्र के सादिकपुर गांव में पिछले महीने 30 अगस्त तड़के सुबह जहां डिप्थीरिया रोग से ग्रसित एक 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो चुकी है। वहीं, अब डिप्थीरिया के और केस आने शुरू हो गए हैं। दो रोगी जिला अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। इसके अलावा संभल के जिला अस्पताल से रेफर होकर आए बच्चे को मंडलीय अस्पताल ने नई दिल्ली के महर्षि वाल्मिकी संक्रामक रोग चिकित्सालय में रेफर किया है। इस चंदौसी वाले बच्चे की हालत बहुत ही गंभीर बताई जा रही है। हालांकि, जो रोगी जिला अस्पताल में भर्ती हैं वह भी खतरे से बाहर नहीं हैं। यहां पर बड़ी बात ये है कि मंडलीय अस्पताल में एंटी डिप्थीरिया सीरम इंजेक्शन नहीं है। रविवार रात को संभल जिला अस्पताल से रेफर होकर डिप्थीरिया पीड़ित एक बच्चा (8) गंभीर हालत में आया था। सैंपल (स्वाब) लेकर जांच के लिए लखनऊ लैब में भेजा गया है। प्रारंभिक उपचार के बाद भी हालत अधिक क्रिटिकल देखकर बाल रोग विशेषज्ञ और ईएनटी (नाक-कान-गला) सर्जन की सलाह पर मंडलीय अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे नई दिल्ली के संक्रामक रोग चिकित्सालय में रेफर कर दिया था। सोमवार सुबह मझोला क्षेत्र में एकता कॉलोनी और बिलारी के ही मंगूपुरा गांव का एक बच्चा मंडलीय अस्पताल में भर्ती हुआ है, ये दोनों बच्चे डिप्थीरिया पीड़ित हैं। इनका भी सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। मंडलीय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में भर्ती डिप्थीरिया पीड़ित दोनों बच्चों की हालत बेहतर नहीं है। उनका इलाज चल रहा है। जांच को भेजे एक सैंपल की रिपोर्ट अभी नहीं आई है। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा, जांच रिपोर्ट अभी न आना दीगर बात है लेकिन, चिकित्सा के आधार पर वह कह सकते हैं कि इन बच्चों को डिप्थीरिया ही है। उन्होंने बताया कि समस्या ये भी है कि डिप्थीरिया पीड़ित को लगने वाले इंजेक्शन एंटी डिप्थीरिया सीरम अस्पताल में नहीं है। इसकी सप्लाई सरकारी अस्पतालों में उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कॉरपोरेशन से नहीं है। लेकिन, वह लोग एंटी डिप्थीरिया सीरम इंजेक्शन के अभाव में रोगी का इलाज बाधित नहीं कर सकते हैं। इसलिए लोकल पर्चेज (एलपी) के माध्यम से बाजार से इंजेक्शन खरीदकर रोगी को निशुल्क उपलब्ध करा रहे हैं। बाजार में एंटी डिप्थीरिया सीरम इंजेक्शन की कीमत 1200 रुपये से भी अधिक है। उन्होंने बताया कि एक रोगी को कम से कम 4 से 6 एंटी डिप्थीरिया सीरम इंजेक्शन लगते हैं। डिप्थीरिया पीड़ित रोगी का इलाज कम से कम 10 से 14 दिन तक चलता है। डीपीटी टीका लगवाएं, तीन जानलेवा रोगों से बचाएं- मंडलीय अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि यदि माता-पिता अपने बच्चे का लालन-पालन ठीक ढंग से करें और समय पर डीपीटी का टीका लगवाएं तो उसे डिप्थीरिया जैसी जानलेवा बीमारी से जूझना न पड़े। उन्होंने बताया कि शिशु के जन्म के बाद डेढ़ महीने पर डीपीटी का टीका लगता है। इसके बाद फिर ढाई महीने और फिर साढ़े तीन साल की आयु होने पर डीपीटी का टीका लगता है। फिर जन्म के 15 से 18 महीने पर बच्चे के बूस्टर का पहला डोज और पांच वर्ष की आयु होने पर बूस्टर टीके की दूसरी डोज लगती है। उन्होंने कहा कि डीपीटी टीके का यह पूरा कोर्स बच्चे में डेढ़ महीने की आयु से पांच वर्ष तक चलता है। इसमें किसी माता-पिता को लापरवाही नहीं करनी चाहिए। डीपीटी टीका बच्चे को तीन बीमारियों से बचाता है। इनमें डिप्थीरिया (गला घोंटू), पर्टुसिस (काली खांसी) और टेटनस (लॉकजॉ) जैसी बीमारी शामिल हैं।



क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मातीपुर मत्स्य जीवी सहकारी समिति के चुनाव की अधिसूचना रद्द करने की उठाई मांग

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

मुरादाबाद ब्लॉक मुंडापांडे मातीपुर मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड मातीपुर उर्फ मैनी ने प्रबंध समिति के निर्वाचन हेतु जारी अधिसूचना को रद्द किए जाने की मांग उठाई गई है दरअसल समिति के वर्तमान सदस्य गंगा सिंह ने सदस्यों के संग मिलकर एक सौपा है जिसमें कहा गया है कि सहायक निबंधक सहकारिता मुरादाबाद के कार्यालय द्वारा निर्वाचन 2024 /25 हेतु 20 अगस्त को प्रबंध



